# न्यायालय जिला मजिस्ट्रेट, पाली
## पीठासीन अधिकारी:: श्री नमित मेहता, आई.ए.एस

विविध :: 128 / 2022
जीसीएमएस नम्बर :: 2022 / 426

**प्रार्थी :–**

भारतीय स्टेट बैंक, शाखा :– तनावग्रस्त आस्ति वसूली शाखा (एसआरबी) मैट्रिक्स मॉल, तृतीय तल, सेक्टर 4, जवाहर नगर, जयपुर 302004 जरिये प्राधिकृत अधिकारी

**बनाम**

**अप्रार्थीगण :–**

1. मैसर्स एडवांस्ड मेकेट्रोनिक्स सोलूशन्स प्राइवेट लिमिटेड
   (अ). पंजीकृत पता – सी – 373, सरस्वती विहार, नई दिल्ली – 110034
   (ब). प्लांट एण्ड फैक्ट्री पता – प्लॉट संख्या बी–6 एण्ड बी–7, नेक्सजेन टैक्सटाईल पार्क, सरदार समन्द रोड़ पाली
2. श्री बृजराज स्वरूप भटनागर पुत्र श्री आनन्द स्वरूप भटनागर (डायरेक्टर / गारण्टर)
   (अ). पंजीकृत पता – सी – 373, सरस्वती विहार, नई दिल्ली –110034
   (ब). सी–152 निर्माण विहार, नई दिल्ली
3. श्री आलोक भटनागर पुत्र श्री बृजराज स्वरूप भटनागर (डायरेक्टर / भटनागर)
   (अ). पंजीकृत पता – सी – 373, सरस्वती विहार, नई दिल्ली – 110034
   (ब). सी – 152, निर्माण विहार, नई दिल्ली
4. मैसर्स नेक्सजेन टैक्सटाईल्स पार्क प्राइवेट लिमिटेड (गारण्टर)
   (अ). सी–152, निर्माण विहार, नई दिल्ली
   (ब). पंजीकृत पता – प्लॉट संख्या बी–6, एण्ड बी – 7, नेक्सजेन टेक्सटाईल पर्का, खसरा सख्या 140, सरदार समंद रोड़, पाली (राज.) 306401

**प्रार्थना–पत्र अन्तर्गत धारा–14 सिक्योरिटाईजेशन एण्ड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फाईनेन्सियल एसेट्स एण्ड एनफोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटि इन्टरस्ट, 2002**

दिनांक:– 20.10.2022

1. यत प्राधिकृत अधिकारी, **तनावग्रस्त आस्ति वसूली शाखा (एसआरबी) मैट्रिक्स मॉल, तृतीय तल, सेक्टर 4, जवाहर नगर, जयपुर** वित्तीय आस्तियो का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम –2002 SARFAESI Act 2002 की धारा 14 के तहत प्रार्थना–पत्र जरिये अधिवक्ता ने **मैसर्स एडवांस्ड मेकेट्रॉनिक्स सोलूशन्स प्राइवेट** लिमिटेड के विरूद्ध उक्त अधिनियम के अन्तर्गत ऋण के समय रखी गयी गिरवी सम्पत्ति का कब्जा लेने हेतु इस न्यायालय से अनुरोध किया है।

2. कम्पनी के उपस्थित अधिवक्ता ने प्रार्थना पत्र में वर्णित तथ्यों को दोहराते हुए यह बताया कि अप्रार्थी / ऋणी को बैक / कंपनी द्वारा दिनांक **25.10.2017** को **6,00,00,000 / – (अक्षरे छः करोड़ रूपये)** व **दिनांक** 19.10.2020 **को** 82,00,000 / – **(अक्षरे बयासी लाख रूपये) कुल 6,82,00,000 / – (अक्षरे छः करोड़ बयासी लाख रूपये)** का ऋण स्वीकृत किया गया। इस ऋण की एवज में निम्न जायदाद / सम्पत्ति बैंक के पास गिरवी रखी गयी है जिसका विवरण निम्नानुसार है –

| |
|---|
| मैसर्स नेक्सजेन टेक्सटाईल्स पार्क लिमिटेड, प्लॉट संख्या 07 सरदार समन्द रोड़ पाली कुल क्षेत्रफल 3995 वर्गमीटर जिसकी भुजाएं पूर्व में सड़क, पश्चिम में प्लॉट संख्या बी–2, उत्तर में व्यावसायिक क्षेत्र व दक्षिण में प्लॉट संख्या बी–6 अवरिथत है। |

जिला मजिस्ट्रेट, पाली

